tnkalvi.online

No. of Printed Pages : **7**

8555

Register Number | | | | | | | |

Language – Part IV – HINDI

Time Allowed : 3.00 Hours] [Maximum Marks : 100

सूचना : (1) छपाई की स्वच्छता के लिए प्रश्न-पत्र की जाँच करें। यदि स्वच्छता में कोई कमी नज़र आए, तो तुरंत कक्षा पर्यवेक्षक को सूचित करें।

(2) प्रश्नों का उत्तर देने के लिए **नीले** या **काले** स्याही का उपयोग करें।

Instructions : (1) Check the question paper for fairness of printing. If there is any lack of fairness, inform the Hall Supervisor immediately.

(2) Use **Blue** or **Black** ink to write and underline.

भाग - I

(15 Marks)

सही उत्तर चुनकर लिखिए। **15x1=15**

Choose the **correct** answer from the options given.

1. कबीरदास की रचनाएँ _____ भागों में विभक्त हैं।

(अ) तीन (आ) चार (इ) दो (ई) पाँच

2. 'प्रियप्रवास' महाकाव्य के रचयिता _____ है।

(अ) अयोध्या सिंह उपाध्याय (आ) रसखान

(इ) हरिवंशराय 'बच्चन' (ई) माखनलाल चतुर्वेदी

3. प्रेमवाटिका _____ की रचना है।

(अ) कबीरदास (आ) रहीम (इ) रसखान (ई) महादेवी वर्मा

4. पाँचजन्य _____ है।

(अ) शंख (आ) चक्र (इ) त्रिशूल (ई) तलवार

5. लोभ मनुष्य का जीवन _____ कर देता है।

(अ) सुखमय (आ) दु:खमय (इ) बेकार (ई) नीरस

[Turn over

TN Kalvi Online · tnkalvi.online/question-papers/class-10-hindi-part-iv-public-march-2025 · Source: DGE TN
Share your study materials with us: tnkalvi.online/share

tnkalvi.online

6. ऊँचे से ऊँचे दर्जे की शिक्षा बिल्कुल _____ है।
(अ) हानिकारक (आ) बेफायदा (इ) लाभदायक (ई) फलदायक

7. मोहन _____ क्लास में पढ़ता है।
(अ) पहली (आ) दूसरी (इ) तीसरी (ई) चौथी

8. मुरलीवाला _____ पैसे में मुरलियाँ बेचता था।
(अ) तीन पैसे (आ) चार पैसे (इ) दो पैसे (ई) तीन रुपये

9. सावित्री ने _____ तौले हींग खरीदी।
(अ) तीन तौल (आ) दो तौल (इ) पाँच तौल (ई) चार तौल

10. कोटय्या _____ था।
(अ) अध्यापक (आ) मामूली आदमी
(इ) सरकारी मुलाज़िम (ई) नेता

11. गुच्छा _____ संज्ञा का उदाहरण है।
(अ) व्यक्तिवाचक संज्ञा (आ) भाववाचक संज्ञा
(इ) द्रव्यवाचक संज्ञा (ई) समूहवाचक संज्ञा

12. विशेषण के _____ भेद हैं।
(अ) तीन (आ) चार (इ) पाँच (ई) छह

13. ना समझ - इस शब्द में कौन सा अक्षर उपसर्ग है?
(अ) स (आ) ना (इ) म (ई) झ

14. अचानक - यह शब्द किस क्रियाविशेषण का उदाहरण है?
(अ) रीतिवाचक (आ) परिणामवाचक
(इ) कालवाचक (ई) स्थानवाचक

15. संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द _____ हैं।
(अ) सर्वनाम (आ) विशेषण (इ) क्रिया (ई) उपसर्ग

tnkalvi.online

tnkalvi.online

भाग - II
(18 Marks)
अनुभाग - 1

किन्हीं चार प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए। **4x2=8**
Answer **any four** questions briefly.

16. सन्त कबीर का जन्म कब हुआ?

17. पाँचजन्य कविता की रचना किसने की?

18. बरवै छंद के आरंभकर्ता कौन हैं?

19. माखनलाल चतुर्वेदी व्यक्तित्व किस वस्तु को कहते हैं?

20. लोभ किसे कहते हैं?

21. जीवन में शिक्षण का क्या स्थान है?

अनुभाग - 2

किन्हीं पाँच प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए। **5x2=10**
Answer **any five** questions briefly.

22. व्यक्तिवाचक संज्ञा किसे कहते हैं?

23. क्रिया के कितने भेद हैं? नाम लिखिए।

24. 'कोई' और 'कुछ' अनिश्चय वाचक सर्वनाम है या निश्चय वाचक सर्वनाम?

25. सार्वनामिक विशेषण का दूसरा नाम क्या है?

26. उपसर्ग की परिभाषा दीजिए।

27. क्रियाविशेषण किसे कहते हैं?

28. समुच्चय बोधक की परिभाषा लिखिए।

[Turn over

TN Kalvi Online · tnkalvi.online/question-papers/class-10-hindi-part-iv-public-march-2025 · Source: DGE TN
Share your study materials with us: tnkalvi.online/share

tnkalvi.online

भाग - III

(18 Marks)

अनुभाग - 1

किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **2x3=6**

Answer **any two** questions.

29. आत्मनिर्भरता का क्या अर्थ है?

30. (I) सही या गलत बताइये :

(अ) माखनलाल चतुर्वेदी की सभी रचनाएँ खड़ीबोली हिन्दी में हैं।

(आ) संतोष निरोगता का लक्षण है।

(इ) जिंदगी की जिम्मेदारी कोई निरी मौत नहीं है।

अथवा

(II) खाली स्थान भरिए :

(अ) _____ वह है जिसकी तस्वीर जमाना अपने आप में खोदता चला जाए।

(आ) _____ दिल से होती है, माल से नहीं।

(इ) आज की आवाज में थोड़ी _____ थी।

31. 'ऐसे-ऐसे' एकांकी के प्रमुख पात्रों के नाम बताइए।

अनुभाग - 2

किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रश्न संख्या **34 अनिवार्य** है। **2x3=6**

Answer **any two** questions. Question No. **34** is **compulsory**.

32. दिए गए शब्दों के शब्द-युग्म लिखिए :

(अ) कलम

(आ) आकार

(इ) लक्ष

33. शुद्ध कीजिए :

(अ) हम आपके घर कल आयेगा।

(आ) वह लौट आए।

(इ) आज वहाँ राम ने जाना है।

TN Kalvi Online · tnkalvi.online/question-papers/class-10-hindi-part-iv-public-march-2025 · Source: DGE TN
Share your study materials with us: tnkalvi.online/share

tnkalvi.online

34. (I) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :

(अ) जो ईश्वर को न मानता हो –

(आ) जो हित चाहता हो –

(इ) जो केवल शाकाहार करता हो –

अथवा

(II) वाच्य बदलिए :

(अ) मैंने उड़ती चिड़िया मारी।

(आ) गीता ने किताब पढ़ी।

(इ) उसने दान दिया।

अनुभाग - 3

किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **2x3=6**

Answer **any two** questions.

35. खान की उम्र कितने वर्ष की है?

36. मिठाईवाला क्या कहकर अपना व्यापार करता था?

37. राजाराम के गुस्से का क्या कारण था?

भाग - IV

(25 Marks)

सभी पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **5x5=25**

Answer **all** the **five** questions.

38. (अ) कंठस्थ भाग : (Memoriter part)

साधु ----------

---------- उडाय।।

अथवा

(आ) सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

माँगे घटत रहीम पद, कितो करौ बड़ काम।

तीन पैग बसुधा धरी, तऊ बावनै नाम।।

[Turn over

TN Kalvi Online · tnkalvi.online/question-papers/class-10-hindi-part-iv-public-march-2025 · Source: DGE TN
Share your study materials with us: tnkalvi.online/share

tnkalvi.online

39. पत्र लेखन : (कोई एक पत्र लिखिए)।

(अ) देना बैंक, टी. नगर शाखा में बचत खाता खोलने के लिए शाखा प्रबंधक के नाम पत्र लिखिए।

अथवा

(आ) किताब घर नई दिल्ली की ओर से लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद को गलत माल बेचने की शिकायत करते हुए पत्र लिखिए।

40. अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए।

Translate the following into English.

(अ) रेगिस्तान की यात्रा के लिए ऊँट उपयोगी होने के कारण उसे रेगिस्तानी जहाज कहते हैं।

(आ) छात्रों को विद्यार्थी जीवन में पढ़ाई के साथ कोई न कोई धंधा सीख लेना चाहिए।

(इ) प्रकृति के अनुसार अपने को बदल लेना प्रकृति पर मनुष्य की विजय नहीं है।

(ई) आज का बालक कल का नागरिक है।

(उ) मारनेवाले से जिलानेवाला अच्छा है।

41. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

Read the following passage and answer the questions given below.

सुकरात के जीवन का अंतिम समय करीब आ गया था। उसे प्राण दण्ड की आज्ञा के कारण विष का प्याला पीना पड़ा। अपनी जीवन यात्रा समाप्त करने के पहले उसने शिष्यों और मित्रों के सामने मृत्यु के बारे में एक सुंदर भाषण दिया। उसने कहा कि आत्मा का इस नश्वर शरीर से मुक्त होना ही मृत्यु कहलाता है। सुकरात ने भाषण देकर विष पिया तो उसके शिष्य और मित्र फूट-फूट कर रोने लगे। सुकरात ने कहा, ''क्या आपको मालूम नहीं कि मैंने अपनी पत्नी को यहाँ से दूर कर दिया, केवल इसलिए कि मैं शांति से मरना चाहता हूँ। आप भी रोये बिना अंतिम घड़ी तक मेरे साथ रहें, यही मेरी प्रार्थना है।''

प्रश्न :

(अ) सुकरात ने विष क्यों पिया?

(आ) सुकरात के अनुसार मृत्यु क्या है?

(इ) सुकरात ने अपनी पत्नी को क्यों अपने से दूर रखा?

(ई) ''अमृत'' शब्द का विलोम शब्द लिखिए।

(उ) इस गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

TN Kalvi Online · tnkalvi.online/question-papers/class-10-hindi-part-iv-public-march-2025 · Source: DGE TN
Share your study materials with us: tnkalvi.online/share

tnkalvi.online

42. (I) मिलान कीजिए : Match the following :

(a)	साकेत	–	अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध
(b)	पारिजात	–	कबीरदास
(c)	मधुशाला	–	रामधारी सिंह दिनकर
(d)	बीजक	–	महादेवी वर्मा
(e)	रश्मिरथी	–	मैथिली शरण गुप्त
		–	हरिवंश राय बच्चन

अथवा

(II) मिलान कीजिए : Match the following :

(a)	यहाँ	–	निजवाचक सर्वनाम
(b)	सोना	–	घुमक्कड़
(c)	स्वयं	–	स्थानवाचक क्रियाविशेषण
(d)	घूमना	–	संकेतबोधक
(e)	यद्यपि	–	द्रव्यवाचक संज्ञा
		–	रूप बोधक

भाग - V
(24 Marks)

सभी प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए। **3x8=24**

Answer **all** the questions.

43. किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :

(अ) पोंगल

अथवा

(आ) पर्यावरण

44. (अ) पाँचजन्य कविता का सारांश लिखिए।

अथवा

(आ) 'कर्मवीर' कविता का सारांश लिखिए।

45. (अ) हींगवाला कहानी का सारांश लिखिए।

अथवा

(आ) युवकों का समाज में स्थान निर्धारित कीजिए।

- o O o -

TN Kalvi Online · tnkalvi.online/question-papers/class-10-hindi-part-iv-public-march-2025 · Source: DGE TN
Share your study materials with us: tnkalvi.online/share

tnkalvi.online